घटना

खजरी रोड ओवर ब्रिज में हुआ हादसा

आनियंत्रित होकर पलटा स्कूल वाहन, 7 बच्चे घायल

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की दोपहर 2 बजे एक स्कल वेन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात बच्चे घायल हो गए। हादसे में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ है। दो बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया। वही पांच बच्चे को निजी अस्पताल ले जाया गया। एक बच्चे को छोड़कर अन्य बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

जानकारी अनुसार एक निजी स्कूल के बच्चे छुट्टी होने के बाद स्कूल वाहन से घर लौट रहे थे। इस दौरान वाहन चालक ने कुछ बच्चों को घर छोड़ दिया था। तकरीबन सात बच्चों को लेकर वह घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के सामने आरओबी पर वाहन अनियंत्रित हो गया और ओवर ब्रिज की बाउंड्री बॉल में जा घुसा। इसके बाद स्कूल वाहन पलट गया। पटलने के बाद बच्चों में चीख पुकार मच गई। सभी बच्चे घायल हो गए। मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। लोगों ने जैसे तैसे बच्चों को वाहन से बाहर निकला। सभी घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। जिसमें राजश्री गांवडे पिता राजेष 16 साल, गरिमा पिता सुनील डेहरिया 15 साल चंदनगांव अन्य बच्चे शामिल है।

स्कूलों में चल रहे कंडम वाहन

शहर के अधिकांश स्कूलों में छोटे वाहन कंडम अवस्था में चल रहे है। जिनमें बच्चों को ठूंस-ठूंस कर ले जाया जाता है। वही शहर में ये वाहन ऐसे दौड़ाते है, जैसे खाली सड़क पर दौड़ा रहे हो। इनकी गति पर कोई नियंत्रण नहीं है। सकूल वाहन आरओबी के बाउंड्री बॉल से टकराने के नीचे गिरता तो शायद बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता था।

सड़क हादसे में वृद्धा की हुई मौत

कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के बनगांव की रहने वाली वृद्धा की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि वृद्धा अपने घर के सामने टहल रही थी। जानकारी अनुसार रामा बाई पति बालकराम सरेठा 75 साल बनगांव की रहने वाली है। वह सुबह सात बजे करीब अपने घर के सामने टहल रही थी। इस दौरान किसी अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जोर की आवाज सुनने के बाद परिजन बाहर निकले। देखा की मां सड़क पर लहुलुहान पड़ी है। तत्काल परिजन 108 से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान वद्धा ने दम तोड़ दिया।

भाजपा नगर युवा मोर्चा ने की घायलों की मदद

सांसद ने दिल्ली प्रवास के दौरान अधिकारियों को दिये घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, सांसद बंटी विवेक साहू ने बैतूल रोड़ पर टेमनी खुर्द के समीप हुए भीषण सड़क हादसे पर गहन दुख व्यक्त किया है। दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू को ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर में 6 लोगों के दुःखद निधन एवं कई लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर घायलों के बेहतर एवं निःशुल्क उपचार की व्यवस्था करने का निवेदन किया था।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा है कि टेमनी खुर्द के समीप हुई इस अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने तथा घायलों को तत्काल बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। सांसद बंटी विवेक साहू के निवेदन के बाद मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपये, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश आधिकारियों को दे दिए हैं।

सांसद के निर्देश पर युवा मोर्चा ने की घायलों की मदद

सांसद बंटी विवेक साहू के निर्देश के बाद युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष बिटटू मण्डराह, रवि मालवी, सत्यम बंदेवार, नितेश साहू, प्रथम ठाकुर, पप्पू वर्मा, नितिन राऊत सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के ईलाज में मेडिकल स्टॉफ की मदद की।

आईटीआई में महिला प्रवेश दर बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, जिले में संचालित शासकीय आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने तथा महिला अभ्यर्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा।

आईटीआई में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित है। जारी निर्देशों के अनुसार शासन द्वारा उपलब्ध सीटों पर शत-प्रतिशत प्रवेश तथा महिला अभ्यर्थियों का न्यूनतम 35 प्रतिशत से अधिक प्रवेश सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिले के विभिन्न विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों एवं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों की बालिकाओं एवं महिलाओं को आईटीआई के विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की जानकारी देकर प्रवेश के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लिंगा से रिंग रोड तक सड़क की हालत हुई खराब

सड़क में दरारों से बढ़ा हादसों का खतरा

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा/मोहखेड़, 22 जून, नागपुर - छिंदवाड़ा हाइवे के लिंगा से रिंग रोड तक सड़क की स्थिति इन दिनों गंभीर बनी हुई है। जगह-जगह पड़ी दरारें और उखड़ी हुई परत के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तेज रफ्तार वाहनों के अचानक असंतुलित होने से हादसों की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। कई जगह गड्ढों और टूट-फूट के कारण दोपहिया वाहन

चालकों के लिए यह मार्ग और भी खतरनाक हो गया है।ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस हाइवे की मरम्मत और सुधार कार्य शुरू किया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके। वहीं लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

इनका कहना है

इस मार्ग पर रोजाना सफर करना जोखिम भरा हो गया है, दोपहिया वाहन अक्सर असंतुलित हो जाते हैं।
लखन वाडोदे, रहागीर सारंगबिहरी

कई बार वाहन गिरते-गिरते बचे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक गंभीर नहीं दिख रहा है।
कमलकांत साहू, रहागीर मोहखेड़

यह मार्ग अत्यंत व्यस्त है, ऐसे में छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए शीघ्र सुधार कार्य जरूरी है।
विपिन कराडे, सदस्य जनपद पंचायत मोहखेड़

सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और संबंधित विभाग को तत्काल मरम्मत के लिए निर्देश दिए जाने चाहिए, ताकि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
गगन घटकड़े, अध्यक्ष भाजपा मंडल मोहखेड़

मतदाता सूची : 25 जून तक किए जा सकेंगे दावे-आपत्तियां

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 जारी किया गया है।

आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा अन्य त्रुटियों के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 जून 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित अवधि के दौरान ऐसे नागरिक जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फार्म ईआर-1 प्रस्तुत कर सकते हैं। वहीं मृत हो चुके अथवा अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फार्म ईआर-2 जमा किया जा सकता है। दावे एवं आपत्तियों के लिए जिले की सभी नगरीय निकायों में वार्डवार तथा जनपद पंचायत क्षेत्रों में ग्राम पंचायत मुख्यालय स्तर पर केंद्र बनाए गए हैं।

कमलनाथ और नकुलनाथ ने सड़क दुर्घटना पर जताया दुख

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा. 22 जून, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने बैतूल नेशनल हाईवे स्थित टेमनी ग्राम के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया।

नेताद्वय ने कहा कि इस दुर्घटना में 6 मजदूरों का निधन और 20 मजदूरों का गम्भीर घायल होना हृदय विदारक है। कमलनाथ जी ने गहन दुख व्यक्त करते हुए अपने शोक संदेश में कहा कि ईश्वर दिवंगतों को श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिवारजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग घायलों के समुचित उपचार का इंतजाम करें साथ ही गम्भीर घायलों को विशेष निगरानी में रखें और किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए।

जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 24 को

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा में 24 जून 2026 बुधवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है।

रोजगार मेले में 08 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, समग्र आई.डी. एवं संपूर्ण डॉक्यूमेंट/रिज्यूम के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्था में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी सुश्री माधुरी भलावी ने बताया कि रोजगार मेले में कृष्णा बेल्ट प्राइवेट लिमिटेड, सतनूर द्वारा ऑपरेटर पद हेतु आईटीआई एवं डिप्लोमा धारकों (आयु 18 से 25 वर्ष) के लिए 13,750 से 14,000 रुपये मासिक वेतन निर्धारित किया गया है।

मक्का बिकते ही दाम दोगुना, उत्पादक को कोई फायदा नहीं : कांग्रेस

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 22 जून, किसानों की उपज को उचित मूल्य नहीं मिलना भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का परिणाम है। किसान शोर मचाते रहे, लेकिन सत्तापक्ष के नेताओं के मुंह पर लगा ताला नहीं खुल पाया। बड़ी-बड़ी बातें करने वालों से प्रश्न है कि जब मक्का उपज किसानों के पास थी, तब दाम जमीन पर थे।

मजबूरी में 14 से 15 सौ रुपए क्विंटल बेचा। आज वही उपज मंडी में 2250 रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है। आखिर ऐसा क्यों? क्या सरकार नहीं चाहती की किसान वास्तविकता में सम्पन्न और खुशहाल हो? या भाजपा ने नीति ही ऐसी बना दी है कि जब तक किसानों के पास अनाज रहेगा वह सस्ता रहेगा और बिकते ही दाम लगभग दोगुना हो जाएंगे। उक्त उदगार कांग्रेस के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा। मनीष पांडेय,जय सक्सेना संतोष पटेल (विधायक प्रतिनिधि) जीवन सिंह पटेल,अजय सिंह पटेल ,मनोज वानखड़े (जिला पंचायत सदस्य) कुलदीप पटेल सुखपाल पटेल सुनील चौधरी,अर्जुन यदुवंशी ने अपनी सयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, घोषणा वीर भाजपा के नेताओं को खेती-किसानी की इतनी समझ है कि,उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को भी पीछे छोड़ दिया है। कीटनाशक के प्रकार और नाम भी नहीं जानते वे भविष्य में खेती से आमदनी बढ़ाने के तौर-तरीके बता रहे हैं। भाषण देने और घोषणाओं में कोई पीछे नहीं है,लेकिन जब बात किसान की उपज को उचित मूल्य दिलाने की आती है तब भाजपा सरकार सुषुप्तावस्था में चली जाती है।

एक नजर में

कमरे में फांसी पर लटका मिला वृद्ध

छिंदवाड़ा। सांवरी चौकी क्षेत्र के पिपलगांव में रविवार की रात एक वृद्ध ने फांसी लगा ली। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आनंदराव पिता लिंगू शोसकार उम्र 62 साल पिपलगांव गांव का रहने वाला है। वह सुबह भैंसों को लेकर चराने निकल गया था। देर शाम वह भैंस चराकर लौटा। इस दौरान पत्नी ने उससे खाना खाने के लिए कहा। उसने खाना खाने से इंकार कर दिया। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। तकरीबन एक घंटे बाद पत्नी उसे देखने के लिए कमरे में पहुंची। जैसे ही पत्नी ने दरवाजा खोला। उसके होश उड़ गए। वह फंदे से लटका हुआ पाया गया। आस पड़ोस ओर परिजन तत्काल दौड़े। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

इलाज के दौरान अज्ञात की मौत

छिंदवाड़ा। कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को सुरक्षित मरचुयरी में रखवा दिया है। फिलहाल उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। जानकारी अनुसार पुलिस को एक अज्ञात उम्र 45 साल के बीमार होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंच उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया। इसके बाद इलाज के दोरान उसकी मौत हो गई। पुलिस आसपास के थाने और चौकियों में गुमशुदगी के साथ ही अन्य लोगों से पतासाजी कर रही है।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589